प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 15.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ अब एक ही जमीन पर दर्ज परिवारों को अलग–अलग मिलेगा।

2–प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में सात सौ रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

3– पत्र सूचना कार्यालय रायपुर द्वारा सुकमा में ''नक्सल मुक्त भारत : समृद्धि और एकता की राह'' विषय पर वार्तालाप का आयोजन किया गया।

4–उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में वाराणसी–लखनऊ राजमार्ग पर हुई बस दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के चार श्रद्धालुओं की मौत–छह अन्य घायल।

## किसान सम्मान निधि योजना–लाभ

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ अब एक ही जमीन पर दर्ज परिवारों को अलग–अलग मिलेगा। केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार यदि एक ही भूमि खाता में कई किसान परिवारों के नाम दर्ज हैं, तब भी प्रत्येक पात्र परिवार को इस योजना का लाभ अलग–अलग प्राप्त करने का अधिकार होगा। प्रत्येक परिवार को सालाना छह हजार रूपए की वित्तीय सहायता सीधे उनके खाते में उपलब्ध कराई जाएगी। योजना की पात्रता शर्तों के तहत 'किसान परिवार' का अर्थ पति–पत्नी और अवयस्क बच्चों से है। यदि एक ही भूमि खाते से कई परिवार जुड़े हुए हैं, तो योजना का लाभ खाता संख्या से नहीं, बल्कि परिवार की इकाई के आधार पर दिया जाएगा। इस प्रकार एक भूमि खाता साझा करने वाले अलग–अलग परिवारों को भी स्वतंत्र रूप से यह सहायता राशि प्राप्त होगी।

## सहायक प्राध्यापक–भर्ती

छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में सात सौ रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें छह सौ पच्चीस सहायक प्राध्यापक, पच्चीस क्रीड़ा अधिकारी और पचास ग्रंथपाल के पद शामिल हैं। उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर इन पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि
राज्य सरकार ने पिछले बीस महीनों में विभिन्न विभागों के माध्यम से दस हजार शासकीय नौकरियां दी हैं। विभागों में लगातार भर्तियां चल रही हैं। इसी कड़ी में महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की भर्ती का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

## सुकमा–वार्तालाप

पत्र सूचना कार्यालय रायपुर द्वारा सुकमा में ''नक्सल मुक्त भारत : समृद्धि और एकता की राह'' विषय पर वार्तालाप कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि बस्तर की धरती, जो कभी नक्सल हिंसा की पहचान थी, अब विकास और समृद्धि की नई कहानियां लिख रही हैं। श्री साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार का लक्ष्य मार्च दो हजार छब्बीस तक देश को

नक्सलवाद से मुक्त कराना है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद केवल कानून–व्यवस्था की चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक–आर्थिक पिछड़ेपन और विकास की कमी से जुड़ा हुआ विषय है। राज्य सरकार ने "पुनर्वास और आत्मसमर्पण नीति" लागू की है, जिसके तहत हिंसा का रास्ता छोड़ने वालों को आर्थिक सहायता, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा जा रहा है।

## अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष–दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य इन दिनों बिलासपुर प्रवास पर हैं। इस दौरान श्री आर्य ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों, सांसदों और विधायकों से मुलाकात की। श्री आर्य सिकलसेल एनीमिया स्वास्थ्य जांच शिविर और युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए।

श्री आर्य ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा कि हमने जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

गरियाबंद जिले में आज आठ लाख रूपए की एक इनामी महिला माओवादी ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली की रहने वाली आत्मसमर्पित माओवादी जानसी पिछले बीस वर्षों से नक्सल संगठन में सक्रिय थीं और नगरी एरिया कमेटी की सचिव थीं। उन पर कई हिंसक वारदातों में शामिल रहने का आरोप है।

## जीएसटी–फायदें

केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जीएसटी दरों में बदलाव का छत्तीसगढ़ के आम लोगों के साथ ही व्यापारियों ने भी स्वागत किया है। जशपुर जिले के कपड़ा व्यवसायी संदीप चिंडलीय ने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं पर दरों में कमी से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। इससे लोगों की बचत बढ़ेगी और त्यौहारी सीजन में बाजारों में रौनक आएगी।

गौरतलब है कि जीएसटी में किए गए सुधार बाईस सितंबर से देशभर में लागू होंगे।

## दुर्घटना–मौत

उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में वाराणसी–लखनऊ राजमार्ग पर हुई बस दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं, इस घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ये श्रद्धालु कांकेर और राजनांदगांव जिले के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## सेवा पर्व–विशेष कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की एनडीए सरकार ग्यारह वर्ष पूर्ण कर चुकी है। इस उपलक्ष्य में पन्द्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान जनहित में साहसिक सुधारों के जरिये गर्वनेंस को रूपांतरित करने के लिए अनेक क्रांतिकारी पहल की गई है। प्रादेशिक समाचार एकांश आकाशवाणी, रायपुर द्वारा इस विषय पर कल सुबह नौ बजे से विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इस विशेष श्रृंखला – "सेवा पर्व के पहली कड़ी के तहत छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त और देश के जाने–माने सामाजिक विश्लेषक डॉक्टर सुशील त्रिवेदी से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा।

## सेवा और सुशासन–विशेष स्टोरी

सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला – "सेवा पर्व" में, हम आज बात करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से लोगों में स्वच्छता की अलख जगाई है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार को ग्यारह वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इनमें से एक है, स्वच्छ भारत अभियान। इस अभियान को शुरू हुए ग्यारह वर्ष हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने वर्ष दो हजार चौदह में लालकिले की प्राचीर से इस अभियान की शुरूआत की थी।**

**प्रसिद्ध नेचर पत्रिका में हाल ही में प्रकाशित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के एक शोध निबंध के अनुसार भारत में शौचालय क्रांति से शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। स्वच्छ भारत मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं की जिंदगी में काफी बदलाव लाया है।**
**ऐसी ही एक महिला हैं, छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित उपरवारा की नम्रना सोनी।**

**स्वच्छता अभियान के तहत देशभर के बारह करोड़ घरों में शौचालय बन चुके हैं। इसके साथ ही देश खुले में शौच की प्रवृत्ति से मुक्त हो गया है। छत्तीसगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छता वीरों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी से पूरे प्रदेश में अट्ठारह हजार सात सौ बाईस गांवों को खुले में शौचमुक्त घोषित किया गया है। वहीं, अट्ठारह हजार दो सौ एक गांव में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उचित प्रावधान किए गए हैं। प्रदेश में बत्तीस लाख से ज्यादा शौचालय बनाए गए हैं।**

## दूरदर्शन स्थापना दिवस

दूरदर्शन आज अपनी शानदार यात्रा के छियासठ वर्ष पूरे कर रहा है। भारत में पन्द्रह सितंबर उन्नीस सौ उनसठ में दूरदर्शन से प्रसारण युग का शुभारंभ हुआ था। पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने आज के ही दिन पहले प्रसारण का उद्‌घाटन किया था।

इस अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित दूरदर्शन केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दूरदर्शन परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दूरदर्शन के छियासठ वर्षों की यह यात्रा यादगार रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरदर्शन ने मनोरंजन के साथ–साथ हमें वैचारिक रूप से समृद्ध करने और संस्कारित करने में भी बड़ी भूमिका निभाई है।

इस मौके पर दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, गीत, शास्त्रीय संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों ने गौर नृत्य, बांस गीत, जवारा नृत्य, सुआ नृत्य और गौरी–गौरा जैसे लोकनृत्य प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल और रायपुर दूरदर्शन केंद्र के प्रमुख एवं उप महानिदेशक संजय कुमार मिश्र भी मौजूद थे।

## आकाशवाणी–हिन्दी पखवाड़ा

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर में आज से हिन्दी पखवाड़ा शुरू हुआ है। आज शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर सुशील त्रिवेदी ने राजभाषा की नीति और संवैधानिक स्थिति पर अपना उद्‌बोधन दिया। इस अवसर पर आकाशवाणी के केन्द्र अध्यक्ष उप महानिदेशक वी. राजेश्वर और कार्यक्रम प्रमुख पंकज मेश्राम के साथ ही अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## अभियंता दिवस

आज अभियंता दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री विश्वेश्वरैया की प्रतिभा ने भारत के इंजीनियरिंग परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>